मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं0 62*
07 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को ऋण

***62. श्री महाबली सिंहः**
श्रीमती गीता कोडा:

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत काराकाट, सिंहभूम, अमरावती, सोनीपत, शिवहर (बिहार), भागलपुर, पश्चिमी सिंहभूम और जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पथ विक्रेताओं को प्रदान किए गए ऋण का ब्लॉक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त योजना के प्रारंभ से ही इसका लाभ उठा रहे पथ विक्रेताओं की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त निर्वाचन क्षेत्रों में उक्त योजना के क्रमशः पुरुष और महिला लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य मंत्री
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को ऋण के संबंध में 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 62* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान काराकाट, सिंहभूम, अमरावती, सोनीपत, शिवहर (बिहार), भागलपुर और जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत पथ विक्रेताओं को संवितरित किए गए ऋण का विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है।

(ख): जी हाँ। 29 नवंबर 2023 तक, योजना की शुरुआत से 56.24 लाख पथ विक्रेता लाभार्थी हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत 9,723 करोड़ रू. की राशि का ऋण संवितरित किया गया है।

(ग): काराकाट, सिंहभूम, अमरावती, सोनीपत, शिवहर (बिहार), भागलपुर और जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पुरुष और महिला दोनों लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है।

*****

दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 62 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएम स्वनिधि योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान पुरुष और महिला लाभार्थियों को संवितरित किए गए ऋणों की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार संख्या दर्शाने वाला विवरण

(29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)

राज्य का नाम	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	संवितरित कुल ऋण			लाभार्थियों की सं.		
		पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल
बिहार	भागलपुर	2,209	1,645	3,854	1,739	1,380	3,119
	काराकाट	2,219	524	2,743	1,739	453	2,192
	शिवहर	1,267	1,158	2,425	1,045	946	1,991
हरियाणा	सोनीपत	8,293	2,433	10,726	7,093	2,238	9,331
जम्मू और कश्मीर	जम्मू	7,792	655	8,447	5,297	430	5,727
झारखंड	सिंहभूम	1,270	514	1,784	1,006	430	1,436
महाराष्ट्र	अमरावती	12,645	4,909	17,554	10,316	4,352	14,668

डेटा स्रोत:- पीएम स्वनिधि पोर्टल से संकलित

*****